LATEST EDITION

**INFUSION NOTES**

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# मध्यप्रदेश

# उपनिरीक्षक (SI)/सूबेदर



**MADHYA PRADESH PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD**

**HANDWRITTEN NOTES**

## भाग-2 मध्य प्रदेश का सामान्य ज्ञान GK + विज्ञान

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# मध्य प्रदेश

# उपनिरीक्षक (SI)/सूबेदार

**MADHYA PRADESH PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD**

**भाग – 2**

## मध्य प्रदेश का सामान्य ज्ञान GK + विज्ञान

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**मध्य प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (SI)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **मध्य प्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (MPPEB)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**मध्य प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (SI)**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***

**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

**WhatsApp करें - https://wa.link/9mp4k3**

**Online Order करें - https://shorturl.at/pP479**

| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | मध्यप्रदेश का इतिहास | |
| 1. | इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाएं एवं प्रमुख राजवंश | 1 |
| 2. | प्राचीनकाल के प्रमुख राजवंश एवं उनका योगदान | 2 |
| 3. | 1857 की क्रांति में मध्यप्रदेश का योगदान | 6 |
| 4. | मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन | 7 |
| 5. | प्रमुख कलाएं और स्थापत्य कला | 9 |
| 6. | प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल | 14 |
| 7. | प्रमुख जनजाति व्यक्तित्व | 20 |
| 8. | प्रदेश के प्रमुख त्यौहार, लोक – संगीत, लोक कलाएं एवं लोक साहित्य | 24 |
| 9. | प्रदेश के प्रमुख मेले | 26 |
| 10. | प्रमुख लोक कलाएं | 33 |
| 11. | लोक नाट्य | 36 |
| | मध्यप्रदेश की राजनीति | |
| 1. | राज्य की राजनीतिक व्यवस्था (परिचय) | 43 |
| 2. | राज्यपाल | 44 |
| 3. | मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद | 49 |
| 4. | राज्य विधानसभा | 54 |
| 5. | उच्च न्यायालय | 61 |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | जिला प्रशासन | 66 |
| 7. | मध्यप्रदेश के विभिन्न आयोग | 71 |
| 8. | स्थानीय स्वशासन एवं पंचायती राज संस्था | 73 |
| | <u>मध्यप्रदेश का भूगोल</u> | |
| 1. | स्थिति एवं विस्तार | 82 |
| 2. | भू – गर्भिक संरचना और भौतिक प्रदेश | 84 |
| 3. | मध्यप्रदेश के वन | 88 |
| 4. | मध्यप्रदेश की नदियाँ | 92 |
| 5. | पर्वत एवं पर्वत शृंखलाएं | 97 |
| 6. | जलवायु | 99 |
| 7. | खनिज संसाधन | 101 |
| 8. | मध्यप्रदेश में परिवहन एवं संचार | 105 |
| 9. | प्रमुख सिंचाई एवं विद्युत योजना | 107 |
| 10. | मध्यप्रदेश में कृषि | 110 |
| 11. | मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान | 114 |
| 12. | मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास | 115 |
| 13. | जनगणना | 128 |
| 14. | मध्यप्रदेश की योजनाएं | 131 |
| 15. | मध्यप्रदेश की जनजातियाँ | 141 |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | मध्यप्रदेश : विविध | 150 |
| | | |
| | <u>सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी</u> | |
| 1. | दैनिक जीवन में विज्ञान | 200 |
| 2. | गति | 203 |
| 3. | बल एवं बल आघात | 207 |
| 4. | कार्य, शक्ति एवं ऊर्जा | 211 |
| 5. | ध्वनि | 216 |
| 6. | प्रकाशिकी | 224 |
| 7. | ऊष्मा | 232 |
| 8. | विद्युत एवं चुंबकत्व | 236 |
| 9. | चालकता | 240 |
| 10. | परमाणु भौतिकी | 248 |
| | <u>रसायन विज्ञान</u> | |
| 1. | रसायन विज्ञान का परिचय | 252 |
| 2. | परमाणु संरचना | 254 |
| 3. | गैसों का आचरण | 258 |
| 4. | धातु, अधातु एवं उपधातु | 260 |
| 5. | रासायनिक अभिक्रिया | 272 |
| 6. | अम्ल, क्षार और लवण | 277 |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | विलयन | 279 |
| 8. | कार्बन और इसके यौगिक | 281 |
| | **जीव विज्ञान** | |
| 1. | जीव विज्ञान<br>• कोशिका<br>• ऊतक<br>• रक्त<br>• रक्तसमूह एवं RH कारक<br>• नियंत्रण एवं समन्वय<br>• मानव तांत्रिक तंत्र<br>• मानव शरीर तंत्र<br>• आहार एवं पोषण<br>• स्वास्थ्य देखभाल | 299 |
| | **पादप विज्ञान** | |
| 1. | पादपों का अध्ययन | 356 |

# मध्यप्रदेश का इतिहास

## अध्याय – 1

## इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ एवं प्रमुख राजवंश

**मध्यप्रदेश का इतिहास :-**

**ऐतिहासिक स्रोत -**
ऐतिहासिक स्रोतों की दृष्टि से मध्यप्रदेश को तीन भागों में बांटा जाता है।

**(1). प्रागैतिहासिक काल** - जिसका लिखित विवरण उपलब्ध नहीं है।

**(2). आद्यय ऐतिहासिक काल** - जिसके लिखित विवरण को नहीं पढ़ा जा सका है।

**ऐतिहासिक काल** - जिसके लिखित विवरण को पढ़ा जा सका है।

**(1). प्रागैतिहासिक काल –**

- मध्यप्रदेश के विभिन्न भागों में किए गए उत्खनन और खोजो में पूरा प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिन्ह मिले हैं।
- आदिम प्रजातियां नदियों के किनारे और कन्दराओ में रहती थी।
- मध्यप्रदेश के भोपाल, रायसेन, छनेरा, नेयावर, भोजवाडी, महेश्वर, देहगांव, बरखेड़ा हण्डिया, कबरा, सिघनपुर तथा होशंगाबाद इत्यादि स्थानों पर आदिम प्रजातियों के रहने के प्रमाण मिले हैं।
- होशंगाबाद जिले की गुफाओं, रायसेन जिले की भीमबेटका की कंदराओं तथा सागर के निकट पहाड़ियों से प्रागैतिहासिक शैलचित्र प्राप्त हुए हैं।

**प्रागैतिहासिक काल को तीन कालो में विभाजित किया जाता है -**

1. **पाषाण काल**
2. **मध्य पाषाण काल**
3. **नवपाषाण काल**

**(1) पाषाण काल :- (stone age) :-**

- मध्यप्रदेश में नर्मदा घाटी, चंबल घाटी, बेतवा घाटी, सोनार घाटी, भीमबेटका की गुफाएं आदि प्रमुख पाषाण कालीन स्थल है।
- इस काल के औजार बिना बेंट अथवा लकड़ी के बेंट और हस्तकुठार के अतिरिक्त खुरचनी, मुष्टिकुठार, तथा क्रोड मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थलों पर पाए गए है।
- भीमबेटका की गुफाएं मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है। ये गुफाएं आदि मानव द्वारा निर्मित शैलाश्रयी व शैलचित्रों प्रवास के लिए प्रसिद्ध है।
- भीमबेटका में लगभग 760 गुफाओं में 500 गुफाएँ चित्रों द्वारा सुसज्जित है।
- इस स्थल को मानव विकास का प्रारंभिक स्थान माना जाता है।
- यूनेस्को द्वारा वर्ष 2003 में भीमबेटका को विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया गया।

**(2) मध्यपाषाण काल (Megalithic age) :-**

- मध्य पाषाण काल की सभ्यता नर्मदा, चंबल बेतवा एवं उनकी सहायक नदियों की घाटियों में विकसित हुई थी।
- इस काल में जैस्पर, चर्ट, क्वार्टज इत्यादि उच्च कोटि के पत्थरों से बने औजारों में खरचुनियाँ, नोंक व बेधनी प्रमुख थे
- इस काल में औजारों का आकार छोटा होना प्रारंभ हुआ।
- मध्यप्रदेश में इस काल की संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थल आदमगढ़ (होशंगाबाद) है।

**(3) <u>नवपाषाण काल (Neolithic Age)</u>:**

- मध्यप्रदेश के सागर, जबलपुर, दमोह, होशंगाबाद तथा छतरपुर जिलों में नव पाषाण कालीन औजार प्राप्त हुए।
- इन औजारों में सेल्ट, कुल्हाड़ी असूला इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल है।
- इस काल में कृषि पशुपालन गृह निर्माण एवं अग्नि प्रयोग जैसे क्रांतिकारी कार्यों को अपनाया गया था।

**आद्य ऐतिहासिक / ताम्र पाषाण काल :-**

- ताम्रपाषाण काल वह काल है जब इंसानो ने पत्थर के साथ-साथ में का इस्तेमाल करना शुरू किया और औजारों में तथा बर्तनों में एक नया आकार एवं मजबूती दी।
- ताम्र पाषाण काल की सभ्यता मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा सभ्यता के समकालीन थी जो नर्मदा घाटी क्षेत्र में विकसित हुआ।
- नवदाटोली, कायथा (उज्जैन) नागदा बरखेड़ा (भोपाल) एरण इत्यादि क्षेत्र इस इलाके के प्रमुख केंद्र थे।
- मध्यप्रदेश के बालाघाट तथा जबलपुर जिलों के कुछ भागों में ताम्रकालीन औजार मिले हैं।

**ऐतिहासिक या प्राचीन काल :-**

**वैदिक युग :-** इस काल का इतिहास 1500-600 ईसवी पूर्व के आस-पास शुरू होता है।

- आर्य उत्तर वैदिक (1000-600 ई. पू०) के समय में ही विंध्यांचल को पार कर मध्यप्रदेश में आये थे।
- ऐतरेय ब्राह्मण में जिस निषाद जाति का उल्लेख है, वह मध्यप्रदेश के जंगलों में निवास करती थी।

**महापाषाण युग :-**

- 1700-1000 ई. पू. की समय अवधि में मध्यप्रदेश में दक्षिण की महापाषाण संस्कृति का प्रभाव भी देखा जाता है।
- दक्षिण भारत के कुछ स्थलों से प्राप्त विशाल पाषाण समाधियों को महापाषाण स्मारक (मंगालिथ) कहा जाता है।
- सिवनी व रीवा जिले से ये स्मारक मिले है।

**लौह युगीन संस्कृत :-**

- लौह युग के धूसर चित्रित मृद्भांड मध्यप्रदेश के श्योपुर, ग्वालियर, मुरैना एवं भिंड से प्राप्त हुए है।

**महाकाव्य काल :-**

- रामायण काल में प्राचीन मध्यप्रदेश के अंतर्गत महाकांतर एवं दंडकारण्य (वर्तमान में छत्तीसगढ़ में) के घने वन क्षेत्र थे।
- जनश्रुतियो के अनुसार राम ने वनवास का अधिकांश समय दंडकारण्य (वर्तमान का छत्तीसगढ़ में) बिताया था।
- रामायण काल में विंध्य, सतपुड़ा के अतिरिक्त यमुना के काठे का दक्षिण भू-भाग और गुर्जर प्रदेश के कई क्षेत्र इसके गहरे में थे।
- महाभारत युद्ध में मध्यप्रदेश के कई राज्यों ने भाग लिया था। वत्स, चेदि, कारुष तथा दर्शाण आदि ने पांडवों तथा माहिष्मती अवन्ति, भोज तथा विदर्भ आदि में कौरवों की ओर से युद्ध में भाग लिया था।

**महाजनपद काल :-**

लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में बौद्ध व जैन ग्रंथों में वर्णित महाजनपदों की संख्या 16 थी।

- सोलह महाजनपदों में चेदि अवन्ति जनपद मध्यप्रदेश के इतिहास से संबंधित थे।

**(1) चेदि महाजनपद-** चेदि महाजनपद की राजधानी शक्तिमती थी और वर्तमान में इसमें बुंदेलखंड के आसपास का क्षेत्र आता है।

**(2) अवन्ति महाजनपद -** अवन्ति महाजनपद अत्यंत विशाल था, वह जनपद पश्चिमी एवं मध्य मालवा के क्षेत्र में बसा हुआ था।

- अवन्ति महाजनपद को दो भागों में विभक्त किया गया था। उत्तरी अवंति जिसकी राजधानी उज्जयिनी थी एवं दक्षिण अवन्ति जिसकी राजधानी माहिष्मती थी।

## अध्याय – 2

## प्राचीन काल के प्रमुख राजवंश एवं उनका योगदान

- प्राचीन काल के प्रमुख राजवंश एवं उनका योगदान निम्नलिखित हैं –

**(1) कारुष वंश :-**

- जनश्रुतियों के अनुसार मनुष्यों की परंपरा में अंतिम मनु वैवस्पत के दस पुत्र थे, इनमें से एक पुत्र कारुष के नाम पर कारुष वंश की स्थापना हुई।
- इस वंश के शासकों ने कारुष देश (वर्तमान में रीवा नदी के पास बघेलखंड क्षेत्र) पर शासन किया।

**(2) चंद्रवंश :-**

- मनु वैवस्वत की पुत्री इला का विवाह चंद्र से हुआ था जिसके नाम पर चंद्रवंश की स्थापना हुई। इसे सोम के नाम से भी जाना जाता था।
- चंद्र वंश को एेल साम्राज्य भी कहा जाता है।
- मध्यप्रदेश में चंद्रवंश का विस्तार बुंदेलखंड तक था चंद्र के दो पुत्र आयु एवं अमावसु थे

**(3) क्षहरात वंश :-**

- क्षहरात वंश के नहपान तथा भूमक नामक दो प्रसिद्ध राजा हुए।
- नहपान का संघर्ष गौतमीपुत्र शातकर्णि से हुआ था।
- जुगलधम्बी तथा शिवपुरी से क्षहरात वंश के राजा के सिक्के प्राप्त हुए है।

**(4) कार्दकम क्रम वंश :-**

यशोमती और चष्टन में कार्दकम वंश की स्थापना की थी। इस वंश का प्रसिद्ध राजा रुद्रदामन था, जो संस्कृत का महान पंडित था।

- रुद्रदामन ने ही मध्यप्रदेश में सर्वप्रथम तिथि युक्त चांदी के सिक्के चलवाये थे।
- गिरनार के अभिलेख के अनुसार, रुद्रदामन ने सुदर्शन झील का पुनर्निर्माण भी करवाया था।

**(5) नंद वंश :-**

- मगध में नंदवंशी राजा महापद्मनंद ने साम्राज्य विस्तार की नीति के अंतर्गत चेदि जनपद को मगध राज्य में मिला लिया था।
- मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में नंद वंश के साक्ष्य मिले हैं तथा यहां से नंद वंश की मुद्राएं प्राप्त हुई हैं।
- मौर्य युग में व्यापारिक मार्गों की संख्या चार थी जिनमें तीसरा मार्ग दक्षिण में प्रतिष्ठान से उत्तर में श्रावस्ती

जिससे वीरसा गोंड के घटनास्थान पर ही शहादत हो गई।

**खाज्या नायक :-**

- खाज्या नायक अंग्रेजों के भील पलटन के एक सामान्य सिपाही थे। बाद में उन्हें किसी गलती के कारण 10 साल की कैद हुई जिस कारण खाज्या के मन में अंग्रेज शासन के प्रति घृणा के बीच अंकुरित हो गए।
- जब 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह भड़का तब खाज्या नामक बड़वानी क्षेत्र के क्रांतिकारी नेता भीमा नायक से मिल गए। यहीं से इन दोनों की जोड़ी बनी जिसने भीली की सेना बना कर निमाड़ क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध विरोध किया।
- खाज्या नायक अंग्रेजों की भील पलटन में शामिल थे। जहां उन्हें सेंधव जमती चौकी से सिरपुर चौकी तक के 24 मील लंबे मार्ग की चौकीदारी का जिम्मा सौंपा गया।
- अप्रैल 1858 को बड़वानी के पास अामाल्या पानी गांव में अंग्रेज सेना और भील सेना की मुठभेड़ हो गई जिसमें खाज्या नायक के वीर पुत्र दौलत सिंह व अनेक योद्धा शहीद हो गए।
- कर्नल जेम्स आउट्रम ने खाज्या नायक को धोखे से गिरफ्तार कर मार दिया।

**शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह :-**

- राजा शंकर शाह गढ़ मंडला के प्रतापी राजा थे।
- 1857की क्रांति के दौरान देशभक्ति कविताओं की रचना कर अपनी जनता में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का भाव भरा।
- इसी कारण विशिष्ट नौकरशाही के कारिंदो द्वारा शंकरशाह एवं उनके छोटे- बेटे रघुनाथ को बंदी बनाकर 18 सितंबर 1858 को तोप के मुंह से बांधकर उड़ा दिया गया।

**टंट्या भील -**

- टंट्या भील का जन्म 1842 में पूर्वी निमाड़ के खंडवा जिले में हुआ था।
- टंट्या भील आदिवासियों के जननायक और निमाड़ का गौरव कहे जाते थे।
- इसका वास्तविक नाम तांतिया भील था जिसे अंग्रेजों ने टंट्या कर दिया।
- आदिवासियों का मसीहा कहे जाने वाले जननायक टंट्या भील को आदिवासियों के नेता की तरह माना था। आज भी बहुत से आदिवासी घरों में टंट्या भील की पूजा की जाती है।
- टंट्या वनवासी क्षेत्र के एक ऐसे क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों को एकत्र कर क्रांति का बिगुल बजाया था।
- जननायक टंट्या ने ब्रिटिश हुकुमत द्वारा ग्रामीण आदिवासी जनता के साथ शोषण और उनके मौलिक अधिकारों के साथ हो रहे अन्याय,अत्याचार की खिलाफत की।
- अंग्रेजों ने जननायक टंट्या को इंडियन राबिन हुड कहा था।
- मध्यप्रदेश के जननायक टंट्या भील को वर्ष 1889 में कुछ जयचंदो की वजह से फांसी दी गई।
- 1857 क्रांति में वे महज 15 वर्ष के थे। तभी अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह आरंभ कर दिया था।
- टंट्या भील अंग्रेजों की छत्रछाया में फलने फूलने वाले जमाखोरों से लूटे गए माल को गरीब शोषित आदिवासियों में बांट दिया करते थे।

**फग्गन सिंह कुलस्ते :-**

- दिग्गज आदिवासी नेता फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला जिले के बारबती गांव के रहने वाले थे।
- इनका जन्म 18 मई 1959 को बारबाती गांव जिला मंडला में हुआ था।
- मध्यप्रदेश से बीजेपी के वरिष्ठ नेता फग्गन सीन कुस्ते मंडला लोकसभा सीट से सांसद हैं।
- कुलस्ते बीजेपी के बड़े आदिवासी नेता माने जाते हैं।
- वर्तमान में भारत सरकार ने इन्हें इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।

**गंजन सिंह कोरकू :-**

- गंजन सिंह कोरकू गांधीवादी विचारक एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी थे। इनका जन्म बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लाक में हुआ था।
- गांधीजी के आहन पर घोड़ा डोंगरी में 1930 में जंगल सत्याग्रह का आयोजन गंजन सिंह कोरकू द्वारा किया गया।
- 1930 में अंग्रेज सरकार ने गंजन सिंह पर 500 रु इनाम घोषित किया।
- 1963 में गंजन सिंह कोरकू की मृत्यु हो गई।
- जंगल सत्याग्रह को टरिया जंगल सत्याग्रह के नाम से भी जाना जाता है।
- ऐसी जंगल सत्याग्रह में गंजन सिंह कोरकू के साथी बंजारी सिंह कोरकू ने अपने प्राण का बलिदान किया।

**मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के उपनाम –**

| उपनाम | व्यक्ति |
|---|---|
| मध्यप्रदेश के प्रथम शहीद / मंगल पांडे | कुंवर चैन सिंह (समाधी सीहोर कार्यक्षेत्र- नरसिंहगढ़ रियासत) |
| मध्यप्रदेश के नर्मदा पुत्र | अमृतलाल वेगढ़ (पुस्तक तीरे तीरे नर्मदा) |
| मध्यप्रदेश के विधि पुरुष | कुंजीलाल दुबे (मध्यप्रदेश के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष) |
| मध्यप्रदेश के व्याकरणाचार्य | पाणिनि (पुस्तक अष्टाध्यायी) |
| एक भारतीय आत्मा | माखनलाल चतुर्वेदी |
| मध्यप्रदेश के संगीत सम्राट | तानसेन (मकबरा – ग्वालियर वास्तविक नाम - राम तनु पांडे) |
| मध्यप्रदेश के सरोद सम्राट | अलाउद्दीन खा (कार्यक्षेत्र - मैहर, सतना) |
| स्वर स्वरगनी | लता मंगेशकर जन्म इंदौर |
| मध्यप्रदेश के विज्ञान पुरुष | अनिल काकोडकर |
| बुंदेलखंड के केसरी / शिवाजी | छत्रसाल ( चंपतराय के पुत्र पन्ना को स्वतंत्र राजधानी बनाया) |
| कैप्टन के नाम से प्रसिद्ध | मुस्ताक अली (भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके हैं) |
| गोली के नाम से प्रसिद्ध | शंकर लक्ष्मण (हॉकी टीम के गोलकीपर रहे हैं) |
| रामगढ़ की झांसी की रानी | अवंतीबाई (समाधि-मंडला ) |
| कठिन काव्य के पेत | आचार्य केशवदा |
| मालवा के कबीर | संत सिंगाजी |
| दादा के नाम से प्रसिद्ध | स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह गोंड |

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

## अध्याय - 9

## प्रदेश के प्रमुख मेले

मेलों में भारतीय संस्कृति की झलक पाई जाती है। इन मेलों में सामाजिकता, संस्कृति आदि सम्मिलित होती है। मध्यप्रदेश में 1400 स्थानो पर मेले लगते है।

सर्वाधिक मेले - उज्जैन जिले में- 227

न्यूनतम मेले - होशंगाबाद जिले में - 13

मार्च, अप्रैल और मई में सबसे ज्यादा मेले लगते है।

### (1) सिंहस्थ कुंभ :-

- चैत्र माह की पूर्णिमा से वैशाख माह की पूर्णिमा तक मध्यप्रदेश का उज्जैन एकमात्र स्थान है जहां क्षिप्रा नदी के तट पर कुंभ मेला लगता है।
- हर 12 साल में बृहस्पति के सिंह राशि में आने पर कुंभ मेला लगता है। इसलिए उज्जैन में लगने वाले कुंभ को सिंहस्थ कहते है।
- संख्यानुसार यह राज्य का सबसे बड़ा मेला है। इसमें साधु-संतों के अखाड़े के साथ धार्मिक आयोजन भी होते है।

### (2) ग्वालियर का व्यापारिक मेला -

- ग्वालियर का व्यापारिक मेला दिसंबर से लगता है। यह राज्य का दूसरा सबसे बड़ा मेला है।
- इसका प्रारंभ तत्कालीन शासक माधवराव सिंधिया ने 1905 में पशु मेले के रूप में किया था।
- हाल ही में GTFA (ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण) जो कि मध्यप्रदेश सरकार की एक नोडल एजेंसी है, ने मेला परिसर में कला निर्यात सुविधा केंद्र की स्थापना की।

### (3) भांडेर का रामलीला का मैदान -

- जनवरी - फरवरी माह में दतिया जिले की भांडेर तहसील में यह मेला लगता है।
- 100 वर्षों से अधिक समय से चला आ रहा है।

### (4) पीर बुधन का मेला -

- शिवपुरी के सांवरा क्षेत्र में यह मेला 250 सालो से लग रहा है। मुस्लिम संत पीर बुधन का यहां मकबरा है।

### (5) नागा जी का मेला -

- नवंबर-दिसंबर में अकबर कालीन संत नागा जी की स्मृति में यह मेला लगता है।
- मुरैना जिले के पोरसा गांव में एक माह यह मेला चलता है पहले यहां बंदर बेचे जाते थे अब सभी पालतू जानवर बेचे जाते है।

### (6) हीरा भूमिया मेला -

- हीरा भूमिया मेला अगस्त सितंबर में हीरापन बाबा की स्मृति में ग्वालियर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में लगता है। यह मेला कई 100 वर्ष पुराना है।

### (7) तेजाजी का मेला -

- तेजाजी का मेला भाद्रपद शुक्ल दशमी पर मुना जिले के भामावड़ पर पिछले 70 वर्षों से लग रहा है।
- कहा जाता है कि तेताजी के पास एक ऐसी शक्ति थी जो शरीर से सांप का जहर उतार देती थी।

### (8) जागेश्वरी देवी का मेला ( मार्च-अप्रैल में)-

- हजारों सालों से अशोकनगर जिले के चंदेरी नामक स्थान में यह मेला लगता चला आ रहा है।
- कहा जाता है कि चंदेरी के राजा कीर्तिपाल जागेश्वरी देवी के भक्त थे वह कोढ़ से पीड़ित थे किंवदती के अनुसार देवी ने राजा से कहा था कि वह 15 दिन बाद देवी के स्थान पर आए किंतु देवी का सिर्फ मस्तक ही दिखाई देना शुरू हुआ था। राजा का कोढ़ ठीक हो गया उसी दिन से उस स्थान पर मेला लगना शुरू हो गया।

### (9) महामृत्युंजना का मेला -

- रीवा जिले में महामृत्युंजना का मेला लगता है जहां बसंत पंचमी और शिवरात्रि को मेला लगता है। बघेलखंड का प्रमुख धार्मिक मेला है।

### (10) अमरकंटक का शिवरात्रि मेला -

- अनूपपुर जिले के अमरकंटक नामक स्थान (नर्मदा के उद्गम स्थल) में यह मेला लगता है।
- 80 वर्षों से चला आ रहा यह मेला शिवरात्रि को लगता है।

### (11) चंडी देवी का मेला -

- सीधी जिले के धीधरा नामक स्थान पर चंडी देवी को सरस्वती का अवतार माना जाता है। यहां पर मार्च-अप्रैल में मेला लगता है।

### (12) काना बाबा का मेला -

- काना बाबा का मेला दिसंबर से जनवरी तक हरदा जिले के सोढ़लपुर नामक गांव में काना बाबा की समाधि पर यह मेला लगता है। लगभग पौने तीन सौ वर्ष प्राचीन मेला है।

### (13) कालू जी महाराज का मेला -

- कालूजी महाराज का मेला दिसंबर से जनवरी तक पश्चिमी निमाड़ खरगोन जिले के पिपल्या खुर्द में एक महीने तक लगता है। कहा जाता है कि 200 वर्ष पूर्व कालू जी महाराज यहां पर अपनी शक्ति से आदमियों और जानवरों की बीमारी ठीक करते थे।

## अध्याय – 2
## राज्यपाल

भारतीय संविधान के भाग-VI में राज्य शासन के लिए प्रावधान किया गया है । यह प्रावधान पहले जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों के लिए लागू होता था लेकिन अब सभी राज्यों के लिए लागू होता है।

राज्य में राज्यपाल का उसी प्रकार से स्थान है जिस प्रकार से देश में राष्ट्रपति का (कुछ मामलों को छोड़कर)।

**अनुच्छेद 153** के तहत प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा। **लेकिन 7वें संविधान संशोधन-1956 द्वारा इसमें एक अन्य प्रावधान जोड़ दिया गया जिसके अनुसार एक ही व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों के लिए भी राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।**

**अनुच्छेद 154** के तहत राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख "राज्यपाल" होता है लेकिन **अनुच्छेद 163** के तहत राज्यपाल अपनी स्व-विवेक शक्तियों के अलावा सभी कार्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर करता है अर्थात राज्यों में राज्यपाल की स्थिति कार्यपालिका के प्रधान की होती है परंतु वास्तविक शक्ति मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद में निहित होती है।

**अनुच्छेद 155** के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है अर्थात् राज्यपाल की नियुक्ति के संदर्भ में राष्ट्रपति अधिपत्र (वारंट) जारी करते है जिसे मुख्य सचिव पढ़कर सुनाता है।

**राज्यपाल की नियुक्ति का प्रावधान ' कनाडा ' से लिया गया है।**

> **संविधान लागू होने से लगाकर वर्तमान तक राज्यपाल की नियुक्ति के संबंध में कुछ परंपराएं बन गई जो निम्न है –**
> (i) संबंधित राज्य का निवासी नहीं होना चाहिए ताकि वह स्थानीय राजनीति से मुक्त रहे।
> (ii) राज्यपाल की नियुक्ति के समय राष्ट्रपति संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श ले ताकि समय दानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो

**राज्यपाल की नियुक्ति के संबंध में गठित प्रमुख आयोग व उनकी सिफारिश**

**सरकारिया आयोग**

गठन-1983 रिपोर्ट- 1987 अध्यक्ष- रणजीत सिंह सरकारिया

**सिफारिश –**

राज्यपाल ऐसे व्यक्ति को बनाया जाना चाहिए जो किसी क्षेत्र विशेष में प्रसिद्ध हो।

राज्य के बाहर का निवासी होना चाहिए।

राजनीतिक रूप से तटस्थ व्यक्ति होना चाहिए।

सक्रिय राजनीती में भागीदारी नहीं ले रहा हो

राज्यपाल की नियुक्ति से पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लिया जाए।

5 वर्ष की निश्चित पदावली हो।

राज्यपाल को हटाए जाने से पूर्व एक बार चेतावनी देनी चाहिए अथवा पूर्व सूचना दी जानी चाहिए ।

**द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग**

वर्ष 2005 में वीरप्पा मोइली (कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री) की अध्यक्षता में गठित। वर्ष 2010 में इसने अपना प्रतिवेदन दिया।

**सिफारिश –**

इस आयोग के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति के संदर्भ में **कॉलेजियम व्यवस्था** होनी चाहिए। प्रधानमंत्री इसका अध्यक्ष होगा जबकि उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, गृहमंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष का नेता इसके सदस्य होंगे लेकिन सुझाव स्वीकार नहीं किया गया था।

**पूंछी आयोग**

गठन-2007 रिपोर्ट- 2010 अध्यक्ष- मदनमोहन पूंछी

**सिफारिश –**

केंद्र राज्य संबंधों की जांच हेतु गठित पूंछी आयोग ने राज्यपाल को हटाने के लिए विधानमंडल में महाभियोग की प्रक्रिया अपनाने का सुझाव दिया।

राज्यपाल को किसी भी विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति नहीं बनाना चाहिए।

राज्य की विधानसभा में पारीत विधेयक पर राज्यपाल को 6 माह में निर्णय लेना चाहिए ।

**राजमन्नार आयोग**

गठन-1969 रिपोर्ट- 1971 अध्यक्ष- डॉ. वी.पी. राजमन्नार

**NOTE- सरकारिया आयोग, राजमन्नार आयोग व पूंछी आयोग का सम्बन्ध राज्यपाल की नियुक्ति और केंद्र-राज्य संबंधो से है ।**

**अनुच्छेद 156** इस अनुच्छेद में राज्यपाल की पदावधि/ कार्यकाल का उल्लेख लिया गया है।

अर्थात राज्यपाल अपने पद ग्रहण की तारीख से 5 वर्ष तक पद पर बना रहेगा।

राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है तथा राष्ट्रपति को संबोधित करके त्यागपत्र देता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपालः-**

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य –**

मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल **डॉ. पट्टाभि सीतारामैया** थे।

मध्यप्रदेश में दूसरे राज्यपाल श्री **हरिविनायक पाटस्कर** सर्वाधिक लम्बे समय तक राज्यपाल के पद पर रहने वाले व्यक्ति हैं।

मध्यप्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल **सरला ग्रेवाल** थी।

मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल **श्री रामप्रकाश गुप्त** का निधन उनके कार्यकाल के दौरान हुआ था।

| क्र. | MP के राज्यपाल | कार्यकाल |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. पट्टाभि सीतारमैया | 01/11/1956 से 13/06/1957 |
| 2. | हरि विनायक पाटस्कर | 14/06/1957 से 10/02/1965 |
| 3. | के. सी. रेड्डी | 11/02/1965 से 02/02/1966 |
| 4. | न्यायाधीश पी. वी. दीक्षित (कार्यकारी) | 03/02/1966 से 09/02/1966 |
| 5. | के. सी. रेड्डी | 10/02/1966 से 07/03/1971 |
| 6. | सत्यनारायण सिन्हा | 08/03/1971 से 13/10/1977 |
| 7. | निरंजन नाथ वांचू | 14/10/1977 से 16/08/1978 |
| 8. | चेप्पुदिरा मुथाना पुनाचा | 17/08/1978 से 29/04/1980 |
| 9. | भगवत दयाल शर्मा | 30/04/1980 से 25/05/1981 |
| 10. | न्यायाधीश जी. पी. सिंह ( कार्यकारी ) | 26/05/1981 से 09/07/1981 |
| 11. | भगवत दयाल शर्मा | 10/07/1981 से 20/09/1983 |
| 12. | न्यायाधीश जी. पी. सिंह ( कार्यकारी ) | 21/09/1983 से 07/10/1983 |
| 13. | भगवत दयाल शर्मा | 08/10/1983 से 14/05/1984 |
| 14. | के. एम. चांडी | 15/05/1984 से 30/11/1987 |
| 15. | न्यायाधीश एन. डी. ओझा ( कार्यकारी) | 01/12/1987 से 29/12/1987 |
| 16. | के. एम. चांडी | 30/12/1987 से 30/03/1989 |
| 17. | सरला ग्रेवाल | 31/03/1989 से 05/02/1990 |
| 18. | कुंवर महमूद अली खान | 06/02/1990 से 23/06/1993 |
| 19. | मोहम्मद शफी कुरैशी | 24/06/1993 से 21/04/1998 |
| 20. | डॉ. भाई महावीर | 22/04/1998 से 06/05/2003 |
| 21. | रामप्रकाश गुप्त | 07/05/2003 से 01/05/2004 |
| 22. | के. एम. सेठ (कार्यकारी ) | 02/05/2004 से 29/06/2004 |
| 23. | बलराम जाखड़ | 30/06/2004 से 29/06/2009 |
| 24. | रामेश्वर ठाकुर | 30/06/2009 से 07/09/2011 |

| क्र. | MP के राज्यपाल | कार्यकाल |
|---|---|---|
| 25. | रामनरेश यादव | 08/09/2011 से 07/09/2016 |
| 26. | ओ. पी. कोहली (अतिरिक्त प्रभार) | 08/09/2016 से 22/01/2018 |
| 27. | आनंदीबेन पटेल | 23/01/2018 से 29/07/2019 |
| 28. | लालजी टंडन | 29/07/2019 से 30/06/2020 |
| 29. | आनंदीबेन पटेल (अतिरिक्त प्रभार) | 01/07/2020 से 08/07/2021 पदस्थ |
| 30. | मंगूभाई छगनभाई पटेल | 08/07/2021 से पदस्थ |

**मध्यप्रदेश में राष्ट्रपति शासनः-**

| | | |
|---|---|---|
| **1. 30.09.1977** | **पहला से 25.06.1977** | **राष्ट्रपति शासन** |
| **2. 18.02.1980** | **दुसरा से 08.06.1980** | **राष्ट्रपति शासन** |
| **3. 16.12.1992** | **तीसरा से 06.12.1993** | **राष्ट्रपति शासन** |

## अध्याय – 3
## मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद्

मुख्यमंत्री किसी राज्य की कार्यपालिका का वास्तविक प्रधान होता है । वह राज्य विधानसभा का नेता होता है । राज्य की सर्वोच्च कार्यपालिका शक्ति मुख्यमंत्री के हाथों में है । वह राज्य का वास्तविक शासक/तथ्यत प्रमुख / डी-फैक्टों हेड होता है ।

मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा संविधान के **अनुच्छेद 164 (1)** के तहत की जाती है ।

सामान्यत , राज्यपाल बहुमत प्राप्त दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करता है । लेकिन यदि चुनावों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ है, उस स्थिति में राज्यपाल स्वविवेक से मुख्यमंत्री नियुक्त करता है। उसे एक माह के भीतर सदन में विश्वास मत प्राप्त करने के लिए कहता है ।

राज्यपाल स्वविवेक द्वारा मुख्यमंत्री की नियुक्ति ऐसे समय पर करता है जब कार्यकाल के दौरान किसी मुख्यमंत्री की मृत्यु हो जाए और कोई उत्तराधिकारी तय नहीं हो या चुनावों में किसी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ हो ।

**NOTE- केन्द्र शासित प्रदेशों में (जहाँ विधानसभा है ) मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति , राष्ट्रपति करता है। वर्तमान में भारत के तीन केन्द्र शासित प्रदेशों क्रमशः पुदुच्चेरी, दिल्ली और जम्मू- कश्मीर में विधानसभाओं का प्रावधान है ।**

**अनुच्छेद 164 ( 3 )** मुख्यमंत्री व मंत्रियों को शपथ राज्यपाल दिलाता है । राज्य का मुख्यमंत्री कार्यग्रहण से पूर्व राज्यपाल के समक्ष पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करता है। मुख्यमंत्री व मंत्रियों की शपथ का प्रारूप **भारतीय संविधान की अनुसूची 3** में मिलता है ।

**अनुच्छेद 164 ( 4 )** मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों की योग्यता भारतीय संविधान में मुख्यमंत्री पद के लिए योग्यताएँ आवश्यक है जो एक मंत्री पद के लिए होती है । जैसे– ( 1 ) न्यूनतम आयु 25 वर्ष हो । ( 2 ) राज्य विधानमण्डल के दोनों में से किसी एक सदन का सदस्य हो ।

**NOTE- यदि मुख्यमंत्री विधानमण्डल के किसी भी सदन का सदस्य न भी हो तो 6 माह तक मुख्यमंत्री रह सकता है । 6 माह के भीतर उसे विधानमण्डल के किसी एक सदन की सदस्यता ग्रहण करनी पड़ती है अन्यथा त्यागपत्र देना पड़ता है । मुख्यमंत्री सामान्यतः विधानमण्डल के निम्न सदन ( विधान सभा ) का सदस्य होता है, लेकिन उच्च सदन ( विधान परिषद्) के सदस्य को भी मुख्यमंत्री बनाया**

## अध्याय – 7
## मध्यप्रदेश के विभिन्न आयोग

### मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

भारत में सभी राज्यों में स्थानीय सरकार की स्थापना हेतु "राज्य निर्वाचन आयोग" की व्यवस्था की गई है अर्थात राज्यों में होने वाले पंचायत व नगर निगम के चुनावों को सम्पन्न करने की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोग की है ।

73 वें व 74 वें संविधान संशोधन के पश्चात् मध्यप्रदेश में अगस्त 1994 में पारित अधिनियम के अंतर्गत एक सदस्यीय निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है ।

अनुच्छेद 243k के अंतर्गत । फरवरी 1994 को मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया।

इसका मुख्यालय भोपाल ( निर्वाचन भवन 58 अरेरा हिल्स ) में स्थापित किया गया ।

मध्यप्रदेश के प्रथम राज्य निर्वाचन आयुक्त 'श्री एन. बी. लोहानी' थे ।

**आयोग की संरचना –**

MP में फरवरी 1994 में पारित अधिनियम के अंतर्गत एक सदस्यीय निर्वाचन आयोग का गठन किया ।

राज्य निर्वाचन आयोग की सहायता हेतु भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी ( सीनियर IAS) आयोग के सचिव के रूप में कार्य करते हैं ।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त की योग्यताएँ –**

राज्य निर्वाचन आयुक्त की योग्यताओं का वर्णन संविधान में नहीं हैं । इस में सामान्यत: भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को ही नियुक्त किया जाता है ।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति -**

अनुच्छेद 243K के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है ।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल –**

राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल पद ग्रहण की तारीख से 6 वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक होती है ।

**त्यागपत्र** - राज्य निर्वाचन आयुक्त किसी भी समय अपना त्यागपत्र राज्यपाल को दे सकता है ।

**निष्कासन –**

राज्य निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से उसी रीती से उन्हीं आधारों पर ही हटाया जाएगा जिस रीती एवं आधारों पर उच्च न्यायालय के न्यायधीशों को हटाया जा सकता है । अर्थात् संसद में महाभियोग की प्रक्रिया से राष्ट्रपति द्वारा ही इसे हटाया जा सकता है ।

**राज्य निर्वाचन आयोग के कार्य -**

निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन एवं आरक्षण संबंधी कार्य करना ।

पंचायत एवं नगरपालिका सम्बन्धी निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करना जिसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ना , हटाना एवं प्रकाशन आदि कार्य करना।

चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू करना।

पंचायतीराज व नगरीय निकायों के शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना ।

सभी चुनावों के अधीक्षण एवं निरीक्षण के कार्य को सुचारु रूप से सम्पन्न करने के लिए चुनाव अधिकारीयों की नियुक्ति करना ।

कार्यों को अच्छी प्रकार से करवाने के लिए राज्यपाल से पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए आग्रह करना।

### मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

संविधान के अनुच्छेद 315 के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग का गठन किया गया है ।

राज्यपाल को राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या तथा उनकी सेवा शर्तों को निर्धारित करने का अधिकार दिया गया है ।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग का गठन 27 अक्टूबर 1956 को पारित किया गया था ।

इस आयोग का मुख्यालय इंदौर में स्थापित किया गया है ।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने पहली प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 1958 में किया था ।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पहले अध्यक्ष डी. बी. रेगे थे ।

**आयोग के सदस्य –**

आयोग के सदस्यों की संख्या राज्यपाल निर्धारित करता है ।

इसमें अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति मंत्रीमंडल की सलाह पर राज्यपाल द्वारा की जाती है ।

आयोग के सदस्यों का वेतन राज्य की संचित निधि से दिया जाता है ।

**कार्यकाल –**

सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले पूरा हो , के लिए होता है ।

कार्यकाल पूर्ण होने के बाद आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का संघ या राज्य के लाभ के पद ग्रहण करने से मना किया गया है ।

## अध्याय -2

## भू-गर्भिक संरचना और भौतिक प्रदेश

**भू-गर्भिक संरचना :-** भूगोलवेताओं के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य प्राचीनतम गोंडवाना लैंड का भाग है। मध्यप्रदेश राज्य का अधिकांश भाग भारत के प्रायद्वीप पठार का हिस्सा है । इसी कारण से मध्यप्रदेश में प्राचीन काल से लेकर अद्यतन काल तक की भू - गर्भिक संरचनाएँ पायी जाती हैं जो निम्न प्रकार से है -

**आर्कियन शैल संरचना –** ये आद्यमहाकल्प की संरचनाएँ हैं । इस समय की संरचनाओं का निर्माण कठोर चट्टानों द्वारा होता है इन संरचनाओं को प्रारम्भिक चट्टानें भी कहते हैं ।

इन शैल संरचनाओं में जीवाश्म के अवशेष नहीं पाए जाते हैं ।

इस प्रकार की शैल संरचनाएँ बुन्देलखंड क्षेत्र पाई जाती हैं ।

**गोंडवाना शैल समूह -** गोंडवाना क्रम की चट्टानों का विस्तार सतपुड़ा एवं बघेलखंड पठारों में पाया जाता है । इन चट्टानों को तीन भागों में विभाजित किया जाता है ।

**उपरी गोंडवाना चट्टानें**

↓

इन चट्टानों में चूना, पत्थर कोयला आदि पाये जाते है। ये चट्टानें बघेलखंड क्षेत्रों में पायी जाती है ।

**मध्य गोंडवाना चट्टानें**

↓

इनमें बालुका पत्थर पाये जाते हैं । ये चट्टानें पेंच घाटी, पंचमढ़ी, देनवा मोहपानी एवं बागरा क्षेत्रों में पायी जाती हैं ।

**निम्न गोंडवाना चट्टानें**

↓

अधिकांश कोयला इन्हीं में पाया जाता है । ये चट्टानें सतपुड़ा क्षेत्र में पायी जाती है ।

**विंध्यन शैल समूह –** निम्न विंध्यन समूह की चट्टानें सोन घाटी में चूना पत्थर तथा बालू पत्थर के रूप में पायी जाती है ।

उपरी विंध्यन समूह की चट्टानों में जीवाश्म के अंश पाये जातें हैं । ये चट्टानें रीवा से लेकर चम्बल घाटी तक सोनघाटी , कैमूर , भांडेर क्षेत्रों में पायी जाती हैं ।

**धारवाड़ शैल समूह –**

धारवाड़ क्रम की चट्टानों का विस्तार जबलपुर , बालाघाट तथा छिंदवाडा जिलों में पाया जाता है ।

जबलपुर क्षेत्र में ये चट्टानें चूना पत्थर कर रूप में पाई जाती है ।

इन चट्टानों में जीवाश्म नहीं पाये जाते ।

**हडप्पा शैल समूह –** इस समूह की चट्टानें बिजावर, पन्ना व ग्वालियर क्षेत्रों में पायी जाती है ।

इस क्षेत्र में बिजावर की कुडप्पा चट्टानों में हीरा पाया जाता है ।




**मध्यप्रदेश के भौतिक प्रदेश :-** मध्यप्रदेश को मुख्य रूप से 3 भौतिक प्रदेशों (स्थलाकृतियों) में विभाजित किया गया है। जो निम्न प्रकार हैं –

| | **मध्यप्रदेश : भौतिक प्रदेश** | |
|---|---|---|
| **मध्य उच्च प्रदेश** | **सतपुड़ा श्रेणी** | **पूर्वी पठार** |
| 1.मध्य भारत का पठार<br>2.बुंदेलखंड का पठार<br>3.रीवा पन्ना का पठार<br>4.नर्मदा सोन का पठार | 1. पश्चिमी सतपुड़ा (राजपिपला) श्रेणी<br>2.पूर्वी सतपुड़ा श्रेणी<br>3. मैकाल श्रेणी | बघेलखंड पठार |

**मध्य उच्च प्रदेश**

नर्मदा सों नदी घाटियों एवं अरावली श्रेणियों के बीच एक त्रिभुजाकार आकृति बनती है। जिसे मध्य उच्च प्रदेश के नाम से जाना जाता है।

इसकी उत्तरी सीमा साधरणतः यमुना नदी बनायी जाती है।

विंध्याचल, भांडेर, कैमूर की श्रेणियाँ इसी प्रदेश का भाग है। जो नर्मदा, सोन नदी घाटी के उत्तर में स्थित है।

इस प्रदेश की प्रमुख नदियों में चम्बल, बेतवा, केन, कालीसिंध, पार्वती, क्षिप्रा आदि नदियाँ शामिल हैं।

यह प्रदेश गंगा नदी बेसिन का हिस्सा है, क्योंकि यहाँ की सभी नदियाँ गंगा नदी या उसकी सहायक नदियों में जाकर मिल जाती है।

**1.मध्य भारत का पठार :-**

यह पठार मध्यप्रदेश के उत्तरी पश्चिमी भाग में स्थित है।

मध्य भारत का यह पठार चम्बल उप आर्द्र प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है।

चम्बल घाटी यही स्थित है।

क्षेत्रफल - 32896 वर्ग कि.मी. के मध्यप्रदेश क्षेत्र का 10.67%

यहाँ पर 75 सेमी से कम वर्षा भिंड जिले में 55 सेमी होती है।

यह अर्द्ध शुष्क जलवायु तथा विरल वनस्पति का क्षेत्र है।

मध्य भारत के पठार का विस्तार – भिंड, मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, नीमचव, मंदसौर जिले इनमें शामिल है।

यह पठार जलोढ़ मिट्टी से आच्छादित है।

यहाँ गेहूँ, ज्वार, तिल, सरसों आदि प्रमुख फसलें उगाई जाती है।

नदियाँ – चम्बल, काली सिंध, पार्वती, कुँआरी, कुनू, आदि, । यह सभी नदियाँ मध्य भारत के पठार क्षेत्र में बहती है।

इस क्षेत्र में सहरिया जनजाति निवास करती है।

**2.बुंदेलखंड का पठार :-**

**भौंगोलिक स्थिति** - 24० उत्तरी अंक्षाश से 26०22 उत्तरी अंक्षाश तथा 77०51' पूर्वी देशांतर से 80०20' पूर्वी देशांतर

बुंदेलखंड का पठार मध्यप्रदेश के मध्य उत्तरी भाग में विस्तृत है।

**क्षेत्रफल**- 23495 वर्ग कि.मी. मध्यप्रदेश के भौंगोलिक क्षेत्र का 7.6% है।

**वर्षा** – 75-100 सेमी वर्षा होती है।

**विस्तार** – बुंदेलखंड के पठार में छतरपुर, टीकमगढ, दतिया, शिवपुरी, (पिछोर, करैरा), ग्वालियर, डबरा, भिंड (लहार) तथा उत्तरप्रदेश के जालौन, झाँसी, ललितपुर, बाँधा, एवं हमीरपुर जिले शामिल है।

इस पठार का निर्माण प्रीम्बियन युग में हुआ।

**चट्टाने** – ग्रेनाइट, नीस, शिस्ट, यहाँ की प्रमुख चट्टानें है।

**नदियाँ** – बुंदेलखंड के पठार में बेतवा, सिंध, केन, धसान, पहूज आदि प्रवाहित है।

**मिट्टी** – यहाँ बलुई, दोमट मिट्टी, काली मिट्टी तथा लाल मिट्टी पाई जाती है।

**कृषि** – ज्वार, गेहूँ, तिल, अलसी, आदि प्रमुख फसलें यहा की।

इस पठारी क्षेत्र में स्थित सिंदबाबा (1172 मीटर) की चोटी सबसे ऊँची है।

यहाँ उष्ण कटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन विस्तृत है। जिनमें तेंदु पत्ता (छतरपुर में) विशेष रूप से प्राप्त होता है।

**3. रीवा – पन्ना का पठार : -**

**भौंगोलिक स्थिति** - 23०10 उत्तरी अक्षांश से 25०12 उत्तरी अक्षांश तथा 78०4 पूर्वी देशांतर से 82०18 पूर्वी देशांतर

**रीवा** – पन्ना पठार को विंध्यन कगारी प्रदेश भी कहते है।

यह मालवा पठार के उत्तर पूर्व में फैला हुआ है।

**क्षेत्रफल** – 31,954 वर्ग कि.मी. मध्यप्रदेश के भौंगोलिक क्षेत्र का 10.36% है।

**वर्षा** – यहाँ 125 सेमी औसत वर्षा होती है।

चट्टानें – यहाँ पर विंध्यन क्रम की चट्टानें पायी जाती है।

**विस्तार** – इस क्षेत्र का विस्तार रीवा, पन्ना, सतना, दयोह तथा सागर के कुछ क्षेत्र जैसे – रहेली, बंडा तहसील जिलों तक है।

**नदियाँ** – यहाँ पर टोंस, केन, सोनार, व्यारया और बीहड़ नदियाँ प्रवाहित होती है।

रीवा जिले में चचाई जलप्रपात का निर्माण होता है।

**मिट्टी** – रीवा – पन्ना के पठार में बलुई, लाल एवं पीली मिट्टी पायी जाती है।

**कृषि** – यहाँ गेहूँ, चावल, ज्वार, एवं तिलहन, आदि की खेती होती है।

इस प्रदेश में विस्तृत कैमूर एवं भांडेर श्रेणी को नर्मदा एवं गंगा, युमना के बीच जल विभाजक माना जाता है।

**4.मालवा का पठार :-**

मालवा का पठार मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा पठार है।

**भौंगोलिक स्थिति :-**

20०17' उत्तरी अंक्षाश से 25०8' उत्तरी अंक्षाश से तथा 47०20 पूर्वी देशांतर से 79०20 देशांतर

**क्षेत्रफल** :- 85322 वर्ग कि.मी. मध्यप्रदेश के भौंगोलिक क्षेत्र का 27.68% है।

**वर्षा** – यहाँ औसत वर्षा 125 सेमी है।

मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा भौतिक विभाग है।

इसकी सबसे ऊँची चोटी सिगार (881मीटर) है।

यह पठार ज्वालामुखी उद्गम से निकले लावा से निर्मित हुआ है, जिसमें दक्कन ट्रेप की चट्टानें पायी जाती है।

**विस्तार** - मालवा के पठार का विस्तार रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, उज्जैन, देवास, सीहोर,

नई उद्योग संवर्धन नीति 2014 है ।

मध्यप्रदेश में उद्योग को गति प्रदान करने के लिए 16 अक्टूबर 1965 को मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम की स्थापना भोपाल में की गई । इसका उद्देश्य उद्योग के विकास के लिए वित्तीय तकनीकी व अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराना ।

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम :-**

**मध्यप्रदेश** लघु उद्योग निगम की स्थापना 1961 में एक निजी कम्पनी के रूप में हुई थी, जबकि वर्तमान में निगम , कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान के रूप में कार्यरत है ।

**राज्य के प्रमुख उद्योग –**

मध्यप्रदेश में उद्योगों को कई भागों में बाँटा गया है जो निम्न है -

**खनिज संपदा पर आधारित उद्योग :-**

मध्यप्रदेश में खनिज भंडारण की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आता है और उत्पाद की दृष्टि से चौथे स्थान पर है अर्थात् खनिज संसाधन की उपलब्धता की दृष्टि से मध्यप्रदेश की अच्छी स्थिति है इसलिए कई खनिज संसाधन आधारित उद्योग मध्यप्रदेश में स्थापित किए गए जो इस प्रकार है –

**सीमेंट उद्योग :-**

मध्यप्रदेश में चूना पत्थर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जिससे सीमेंट उद्योग के लिए इस राज्य में अनुकूल दशाएँ है मध्यप्रदेश में स्थापित किए गए प्रमुख सीमेंट उद्योग इस प्रकार है ।

**बानमोर फैक्ट्री –**

यह फैक्ट्री 1922 में मुरैना जिले के बानमोर नामक स्थान पर एसोसिएटेड सीमेंट कम्पनी के स्वामित्व में स्थापित की गई थी , यह मध्यप्रदेश की प्रथम सीमेंट कम्पनी है ।

यह कारखाना आर्द्र प्रौद्योगिकी विधि के द्वारा साधारण पोर्टलैंड सीमेंट का उत्पादन करता है ।

**कैमूर फैक्ट्री :-**

एसोसियेटेड सीमेंट कम्पनी के स्वामित्व में 1923 में कटनी के समीप कैमूर में आर्द्र विधि से पोर्टलैंड व पोत्सलाना सीमेंट बनाने का कारखाना स्थापित किया गया ।

यहाँ एस्बेस्टस तथा सीमेंट की चादर बनाने का कारखाना भी है ।

**सतना सीमेंट वर्क्स :-**

यह पोर्टलैंड सीमेंट का कारखाना है । इसकी स्थापना बीड़ला जुट मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी ने 1959 में की थी

**मैहर फैक्ट्री :-**

यह फैक्ट्री 1980 – 81 में सतना जिले में स्थापित हुई थी ।

**नीमच फैक्ट्री :-**

यह फैक्ट्री 1980 – 81 में मंदसौर जिले में स्थापित हुई थी ।

**प्रिज्म सीमेंट (मनकहरी) – सतना**
**जिराबाद सीमेंट फैक्ट्री – धार (1985)**
**दमोह सीमेंट वर्क्स ( डायमंड)-दमोह (1983)**
**कानपुर सीमेंट वर्क्स – भिंड (1984)**
**नयागाँव सीमेंट – नीमच (1982)**
**जावद सीमेंट (विक्रय सीमेंट ) – नीमच**
**जे. पी.सीमेंट ( अब अल्ट्राटेक सीमेंट ) – रीवा**

**हीरा उद्योग :-**

हीरा तराशने का कारखाना पन्ना जिले में स्थित है
रत्न परिष्कृत केंद्र जबलपुर में है ।
मेसर्स विजय कुमार इंटरनेशनल पीथमपुर धार में है जो हीरे तराशने का कारखाना है ।

**चीनी मिट्टी उद्योग :-**

